# “कोरोना संक्रमण से सुरक्षा की लड़ाई के साथ-साथ राज्य सरकार शहरी क्षेत्र के विकास में भी गति देने का कार्य कर रही है।”

DMA

Directorate of Municipal Administration, Urban Development & Housing Department

## 4.24 करोड़ रुपये की 124 योजनाओं का शिलान्यास



वरीय संवाददाता, जमशेदपुर

स्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने शनिवार को विधायक निधि (वर्ष 2020-21) से लगभग 4.24 करोड़ रुपये की 124 योजनाओं का शिलान्यास किया. जमशेदपुर पश्चिमी विस क्षेत्र के लिए विधायक निधि से चयनित योजनाओं में सड़क, नाली, कलवर्ट, हाई मास्ट लाइट, स्ट्रीट लाइट, बोरिंग, चापाकल आदि की योजनाएं शामिल हैं. मौके पर मंत्री ने कहा कि कोरोना संक्रमण से सुरक्षा के विरुद्ध लड़ाई में राज्य सरकार विकास कार्यों को भी गति देने का कार्य कर रही है.

राज्य में विकास कार्यों को गति देने में कोई बाधा आड़े नहीं आयेगी. इस मौके पर मानगो नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी दीपक सहाय, जमशेदपुर अक्षेस के विशेष पदाधिकारी कृष्ण कुमार, विधायक प्रतिनिधि (एमएनएसी) मनोज झा, विधायक प्रतिनिधि (जेएनएसी) प्रभात ठाकुर उपस्थित थे.

र्ट सिटी की ओर एक कदमः स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने किया 242 योजनाओं का शिलान्यास

## मानगो, सोनारी और कदमा में सड़कें होंगी दुरुस्त, हाईमास्ट लाइट भी लगेगी

जमशेदपुर | वरीय संवाददाता

जमशेदपुर को स्मार्ट सिटी बनाने की कवायद शुरू है। इसके लिए मानगो, सोनारी, कदमा समेत विभिन्न क्षेत्रों में सड़क की मरम्मत होगी। फुटपाथ पर पेवर्स ब्लॉक बिछाए जाएंगे। हाईमास्ट लाइट लगाई जाएंगी।

इसके लिए स्थानीय विधायक स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने शनिवार को जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में 242 योजनाओं का शिलान्यास किया।

अपने कदमा स्थित कार्यालय में 118 योजना जेएनएसी और 124 योजना मानगो नगर निगम के शिलान्यास कर शिलापट्ट को जहां काम होना है वहां भेजा। विधायक निधि से 4.24 करोड़ और नगर विकास विभाग से 10.63 करोड़ का काम होगा। इसके अलावा चार शव वाहन दोनों निकायों के लिए दिए जायेंगे। मानगो में 8.29 जबकि अक्षेस क्षेत्र में 6.98 करोड़ का काम होगा।

### तैयारी

- फुटपाथ पर पेवर्स ब्लॉक बिछाए जाएंगे, बढ़ेगी सुंदरता
- 118 योजनाएं जेएनएसी और 124 मानगो नगर निगम की होंगी

चयनित योजनाओ में सड़क, नाली, कल्वर्ट, हाईमास्ट लाइट, स्ट्रीट लाइट, डीप बोरिंग व चापाकल शामिल हैं। मंत्री ने कहा कि कोरोना संक्रमण से सुरक्षा के विरूद्ध लड़ाई में राज्य सरकार विकास कार्यों को भी गति देने का कार्य कर रही है।




शनिवार को कदमा स्थित कार्यालय में सरकारी योजनाओं का शिलान्यास करते स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता साथ में मानगो ईओ व अन्य।

उन्होंने कहा कि जेएनएसी और मानगो नगर निगम क्षेत्र में आज विकास योजनाओं का शिलान्यास किया गया है, इसके अलावा आगे चलकर जो भी विकास के कार्यो की जरूरत पड़ेगी किया जाएगा।

कार्यक्रम में मानगो नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी दीपक सहाय, जेएनएसी के विशेष पदाधिकारी कृष्ण कुमार, विधायक प्रतिनिधि मनोज झा, और प्रभात ठाकुर उपस्थित थे।

**नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार**

Toll free no.: 1800-120-2929 | Website : www.dmajharkhand.in | Follow us on : @JharkhandDMA